आकाशवाणी चंडीगढ़

28 जुलाई 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

1. लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा शुरू हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम में प्रयटकों पर हुए हमले का पाकिस्तान को माकूल जवाब दिया।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य स्तरीय तीज उत्सव में सभी से **एक पेड़ माँ के नाम** लगाने का आह्वान किया।

3. मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं की देख रेख के लिए लाडो सखी योजना का शुभारम्भ किया।

4. मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अम्बाला के खेल स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बनाये जाने और अम्बाला शहर के नागरिक अस्पताल में डाक्टरों के आवास के लिए 20 करोड़ रूपये देने की घोषणा की।

5. खाद्य आपूर्ति मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा कि 10 तारीख से पहले डिपो पर राशन न पहुँचने पर ज़िम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

****

लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा शुरू हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब को भारत की सशक्त, सफल और निर्णायक सैन्य कार्रवाई बताया। चर्चा की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने पाकिस्तान को यह कड़ा संदेश दिया कि आतंकवाद और

बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर कायरतापूर्ण हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को माकूल जवाब दिया– श्री सिंह ने कहा कि भारत की कार्रवाई पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाने के उद्देश्य से की गई थी।
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का जवाब उकसावे के लिए नहीं, बल्कि नपा-तुला था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना के साहस की सराहना करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के हमले का प्रभावी जवाब दिया गया और अत्यधिक उन्नत वायु रक्षा प्रणाली एस-400 तथा आकाश मिसाइल सिस्टम का उपयोग किया गया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि पाकिस्तानी हमले में भारत की कोई भी महत्वपूर्ण संपति नष्ट नहीं हुई। उन्होंने यह दावे खारिज कर दिए कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा किसी भी तरह के दबाव में की गई।
रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आतंकवाद से निपटने के लिए किसी भी हद तक जाएगा। विपक्ष की आलोचना करते हुए श्री सिंह ने कहा कि उसके कुछ सदस्य पूछते रहे हैं कि भारत के कितने विमान गिराए गए। श्री सिंह ने कहा कि विपक्ष के ऐसे सवाल राष्ट्रीय धारणाओं का पर्याप्त प्रतिनिधितत्व नहीं करते।

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सभी से **एक पेड़ माँ के नाम** लगाने का आह्वान किया।

अंबाला के अनाज मंडी में आयोजित में राज्य स्तरीय तीज उत्सव को मुख्यातिथि के तौर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीज पर संकल्प लें कि हर कोई एक पेड़ अवश्य लगाएगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं की देख रेख के लिए **लाडो सखी योजना** का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री द्वारा लाडो सखी योजना का पोस्टर भी जारी किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा -

उन्होंने कई और योजनाओं की घोषणा भी की।

प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिलाओं को कोथली भी भेंट की गई

कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने अंबाला शहर में कपड़ा मार्केट में बनी नई पार्किंग का उद्घाटनभी किया।

उन्हों तीज उत्सव पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और एक स्टॉल पर जाकर हाथ से चक्की भी चलाई।

कार्यक्रम में परिवहन मंत्री अनिल विज, पूर्व मंत्री असीम गोयल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, मंत्री श्रुति चौधरी, राज्यमंत्री राजेश नागर, बंतो कटारिया व अन्य वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज अंबाला के लिए कई घोषणाएं की।

पूर्व मंत्री असीम गोयल की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सेक्टर 10 के खेल स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भूमि उपलब्ध होने पर मोटर मार्केट को भी स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने सेक्टर 23 में नया अग्निशमन केंद्र बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नग्गल में भवन का एक और खंड बनाने के लिए 4 करोड़ रुपए देने और अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों के आवास के निर्माण के लिए 20 करोड रुपए देने की घोषणा भी की।

उन्होंने कहा कि सेक्टर 24 में 9 एम एल डी की क्षमता का जल शोधन सयंत्र के लिए भी 40 करोड रुपए दिए जाएंगे।

इसके अलावा नन्योला माइनर के सुदृढ़ीकरण के लिए 2 करोड रुपए देने और अंबाला ड्रेन के मनमोहन नगर वाले भाग को पक्का करवाने के लिए 10 करोड रुपए देने की घोषणा भी की गई। मुख्यमंत्री ने सतलुज यमुना लिंक नहर के दोनों और रिपेयर के

लिए 60 करोड रुपए देने और अंबाला शहर में जल वितरण योजना के विस्तारीकरण के लिए 145 करोड रुपए देने की घोषणा भी की।

****

हरियाणा के खाद्य आपूर्ति उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा है कि हर महीने की 10 तारीख से पहले डिपो पर राशन नहीं आया तो जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

आज शाहबाद में मीडिया को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा -
श्रखाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री श्री नागर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में चहुमुखी विकास हो रहा है।
विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है और वे बबीना कारण विरोध ही करते है।
एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सामान्य पात्रता परीक्षा -CET बड़े ही बेहतरीन ढंग से हुई है। किसी भी जिले से कोई किसी प्रकार की शिकायत नहीं आई। परीक्षार्थियों ने सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं के चलते बिना परेशानी के परीक्षा दी।इस से पहले उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से भी बातचीत की और पार्टी के विस्तार को लेकर चर्चा की।